तापमान
अधिकतम 22.3 डिग्री
न्यूनतम 6.6 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार,20 दिसंबर 2023

**खबर संक्षेप**

### जाली आईडी बनाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज सोशल मीडिया पर जाली आईडी बना कर अभद्र टिप्पणी के मामले में पुलिस ने आरोपी अभिषेक कुमार को गिरफ्तार किया है। अब आरोपी को जमानत पर रिहा कर दिया है। पीड़ित महिला ने 15 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी अभिषेक कुमार ने सोशल मीडिया पर जाली आईडी बना कर अभद्र टिप्पणी करने का आरोप लगाया था।

### सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में काबू

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी किरणपाल को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने 16 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि गांव टमनौली के पास आरोपी कार चालक ने उसके पति की बाइक को टक्कर मार दी थी। हादसे में उसके पति तथा उसकी गर्भवती पुत्रवधु की मौत हो गई । इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### बदमाशों ने बेहोश कर गाड़ी व नकदी लूटा

**घरौंडा।** कोहण्ड के निकट हाईवे पर भारत पट्रोल पंप के पास एक चालक को बेहोश कर चार युवकों ने उसकी गाड़ी, मोबाइल फोन व नकदी छीन कर फरार हो गए। मथुरा निवासी मिथुन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि उसकी गाड़ी भारत पट्रोल पंप के पास खड़ी थी। इसी दौरान चार युवको ने उन्हें बेहोश कर दिया ओर उनकी गाड़ी, लगभग 15 हजार की नगदी, एटीएम, तीन मोबाइल व अन्य सामान छीन कर ले गए।

### नकली शराब बेचने के मामले में दो गिरफ्तार

**अंबाला।** कुछ रोज पहले मुलाना एरिया में पकड़ी शराब की अवैध फैक्टरी में तैयार होने वाली नकली शराब पर जाली रैपर लगाकर बेचने के मामले में आरोपी गौरव कुमार व निशांत को काबू किया है। अब पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया है।

### दहेज उत्पीड़न के मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना सदर अंबाला में दर्ज दहेज उत्पीड़न के मामले में पुलिस ने आरोपी अभिषेक को काबू किया है। अब उसे शामिल जांच कर रिहा कर दिया है।







# लोक कलाकारों के वाद्य यंत्रों की धुनों ने बदली फिजा

## ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर कहीं जंगम जोगी, कहीं नगाड़ा-बीन और कहीं सारंगी की धुन कानों में घोल रही रस

तरुण वधवा ▶▶| कुरुक्षेत्र

ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर प्रदेश के कोने-कोने से लुप्त होने के कगार पर पहुंचे वाद्य यंत्रों की धुनों को सहजता से सुना जा सकता है। इस बार अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 में लोक कलाकारों ने अपने वाद्य यंत्रों की धुनों से ब्रह्मसरोवर की फिजा को बदलने का काम किया है। इस सरोवर के पावन तट पर कहीं जंगम जोगी, कहीं नगाड़ा-बीन और कहीं सारंगी की धुनों को सुनकर पर्यटक मस्ती से झूम रहे हैं, तो कहीं रंग-बिरंगे, चमकते परिधानों में सजे कलाकारों संग फोटो लेने का क्रेज भी पर्यटकों के सिर चढ़कर बोल रहा है। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 में जहां प्रदेश के लोक कलाकार पर्यटकों को आनंदित कर रहे हैं, वहीं इस प्रकार के महोत्सव लुप्त हो रही कलाओं का संगम भी बना है। इन्हीं तमाम पहलुओं को लेकर ही सरकार के कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग की तरफ से जंगम जोगी के ग्रुप, डेरू पार्टी के ग्रुप, नगाड़ा पार्टी के ग्रुप, बीन पार्टी के ग्रुप बुलाए गये हैं।

इन सभी ग्रुपों के करीब 250 लोक कलाकार महोत्सव में पहुंचे हैं। ये सभी कलाकार सरोवर के चारों तटों पर घूम-घूम कर पर्यटकों का मनोरंजन करने का काम कर रहे हैं।



### हरियाणा की छपाई कला देख हैरान हो रहे हरियाणा पैवेलियन में दर्शक



गीता महोत्सव में कुवि के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा आयोजित हरियाणा पैवेलियन हरियाणा में हरियाणा की छपाई कला को एक बार फिर पुर्नजीवित कर दर्शकों तक पहुंचाया जा रहा है। यहां पर रेज्जे एवं सूती कपड़ों पर लकड़ी के ब्लॉकों के साथ प्रत्यक्ष रूप से छपाई देखी जा सकती है। लाखन माजरा रोहतक से आई लोक कलाकार ममता हरियाणा की छपाई कला को दर्शकों से रूबरू कर रही है। हरियाणा पवेलियन के संयोजक डॉ. महासिंह पूनिया ने बताया कि लोकजीवन में वस्त्रों को रंगने वाले कारीगर को प्राय रंगरेज, रंगारा, लीलगर, नीलगर, छिप्पी, छिम्मी आदि की संज्ञा प्रदान की गई है। लोक में वस्त्रों को रंगने के प्रमाण ऋग्वेद तथा अथर्ववेद में भी मिलते हैं। इतना ही नहीं, वेदों में ऋषि-मुनियों द्वारा श्वेत, काषाय, गेरुए आदि वस्त्रों के धारण करने के संदर्भ मिलते हैं। देहात में वस्त्रों को रंगने के व्यवसाय में लगे सिद्धहस्त कारीगरों को ही लीलगर, छिप्पी (छापने वाला) कहा जाता है। यह शब्द संस्कृत के रंजकार और फारसी के रंगरेज, दोनों को रंजक बनाए हुए हैं।

### मिठास के साथ रोजगार देने का काम करता है मीठा गन्ना




पुरुषोत्तमपुरा बाग में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय व कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा बनाए गए हरियाणा पैवेलियन में यूनिवर्सिटी सीनीयर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के छात्रों का शुगर मिल पर आधारित मीठा गन्ना का मॉडल सबके आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। रोजगार देने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहा है। यह मॉडल सबको अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निर्देशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि कुवि के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के दिशा निर्देश पर पहली बार स्कूल के बच्चों को इतने बड़े स्तर पर मंच प्रदान किया गया है ताकि स्कूल के बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। स्कूल के 11वीं कक्षा के छात्र विशाल, लक्षित सैनी, वीन व कृष्णा ने स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. सुखविंद्र सिंह व शिक्षिका महिमा के मार्गदर्शन में मीठा गन्ना मॉडल तैयार किया है। इस मॉडल में बताया गया है कि किसानों को अधिक से अधिक से लाभ लेने के लिए गन्ने की खेती करनी चाहिए क्योंकि जब किसान गन्ने की खेती करेगा और सरकार के सहयोग से को-ओपरेटिव शुगर मिल लगाकर काम करेगा तो उसे दो गुना लाभ मिलेगा। क्योंकि कोऑपरेटिव शुगर मिल 50 प्रतिशत हिस्सेदारी किसानों की होती है। इस मॉडल के माध्यम से गन्ने का मिल में आने के बाद हर चीज प्रयोग में आती है। इससे चीनी, गुड़, खोई, बायोतेल तैयार होता है।

### जुलाहा की बुणाई कला को जीवित कर रहा हरियाणा पवेलियन

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा आयोजित हरियाणा पवेलियन हरियाणा की लोक संस्कृति के साथ-साथ हरियाणवी जुलाहा की बुणाई कला को जोड़ रहा है दर्शकों से।



हरियाणा पैवेलियन में स्थापित जुलाहा जिसे करघा भी कहा जाता है दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। सैकड़ों वर्ष पुरानी लोक पारंपरिक विरासत को जुलाहे की खड्डी के माध्यम से ताणा बुनकर पवेलियन में खेस बुनते हुए प्रत्यक्ष रूप से देखा जा सकता है। हरियाणा पवेलियन के संयोजक डॉ. महासिंह पूनिया ने बताया कि लोकजीवन में ताण अथवा ताणे से वस्त्र बुनने वाले व्यक्ति को कोली, बलाई व जुलाहा कहा जाता है। । सामान्यतः हरियाणवी लोकजीवन में ताणे से सूत बुनने तथा इससे बुने हुए खेस, चद्दर, दोतई, लिहाफ, चौसी, ड्योटी तथा रेज्जा आदि बनाने वाले व्यक्ति को जुलाहे की संज्ञा दी गई है। उन्होंने कहा कि देहात में इन्हें कबीर पंथी भी कहते हैं। जुलाहा जिस स्थान पर काम करता है, उसे ठीहा, ठईया या कमठाणा कहते हैं। जुलाहा जहां पैर लटकाकर बैठता है, उसे साल कहा जाता है। जुलाहा सूत बुनने से पहले रूई से सूत कातकर तैयार करता है, उसके पश्चात वह उस सूत को खूंटियों के माध्यम से सुखाता है, जिसे ताणा लगाना कहते हैं। सूत बुनने से पहले सूत को सुखाया जाता है तथा सुहाले की सहायता से उसकी सफाई भी की जाती है।

### हरियाणा पवेलियन में व्यंजनों के स्वाद के साथ संस्कृति के रंग



पुरुषोत्तमपुरा बाग में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय व कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा बनाए गए हरियाणा पैवेलियन में हरियाणवी रसाई में चूरमा व गुड़ का हलवा सबकी मन पसंद बना हुआ है। हरियाणवी व्यंजनों के स्वाद ने हरियाणवी संस्कृति के रंग को और रंगीन बना दिया है। पवेलियन में आने वाले लोग हरियाणा की लोक संस्कृति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लेने के साथ-साथ हरियाणवी व्यंजनों का स्वाद भी चख रहे हैं। युवा एवं सांस्कृतिक विभाग के निदेशक डॉ. महासिंह पूनिया ने बताया कि हरियाणा पवेलियन में इस बार खास तौर पर हरियाणवी रसाई का निर्माण किया गया है, जिसमें खास तौर पर हरियाणा के परम्परागत लोकप्रिय व्यंजनों को रखा गया है ताकि यहां पर आने वाले लोग हरियाणा की लोक संस्कृति के बहुआयामी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लेने के साथ-साथ हरियाणवी व्यंजनों का जायका भी ले सकें।

### सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक दे रहा विभिन्न स्कीमों की जानकारी



कुरुक्षेत्र। सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक द्वारा किसानों व ग्रामीणों के लिए अनेक प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही है जिनका लाभ उठाकर किसान व ग्रामीण अपनी आर्थिक स्थिति और अधिक मजबूत कर सकते हैं। यह जानकारी अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रह्मसरोवर के तट पर सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के अधिकारियों द्वारा 442 नंबर स्टॉल पर दी जा रही है। इस स्टॉल पर प्रबंधक सुशील कुमार व राममेहर द्वारा लोगों को सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक की वित्तीय सेवाओं एवं ऋण संबंधी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक द्वारा किसानों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड योजना, एसएचजीबी कृषि तत्काल ऋण योजना, पशु किसान क्रेडिट कार्ड योजना, स्वयं सहायता समूह एवं संयुक्त दायित्व, समूह के अन्तर्गत ऋण योजना, पशुपालन, मुर्गी पालन इत्यादि ऋण योजना, कृषि यंत्रों के लिए ऋण योजना, कृषि भूमि खरीदने के लिए ऋण योजना, मुख्यमंत्री परिवार उत्थान योजना के अन्तर्गत ऋण, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के अन्तर्गत ऋण तथा प्रधान मंत्री विश्वकर्मा योजना के अन्तर्गत ऋण स्कीम चलाई जा रही है।

# 45 लाख की धोखाधड़ी करने वाले दो दबोचे

## मेडिकल कॉलेज में एडमिशन दिलवाने के नाम पर 45 लाख ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- पुलिस ने अरोपियों को पूछताछ के लिए ,2 दिन के रिमांड पर लिए
- दोनों आरोपी बच्चों का दाखिला उच्च शिक्षा के लिए अच्छे कॉलेज में कराने के लिए लोगों से पैसे ठगते थे

मोलाना मेडिकल कॉलेज में एडमिशन दिलवाने के नाम पर 45 लाख रूपए की धोखाधड़ी करने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जन्हिें कोर्ट में पेश कर 2 दिन के रिमांड पर लिया गया। आर्थिक अपराध शाखा इंचार्ज एस.आई रोहित के नेतृत्व में टीम ने आरोपी अंशु छलोत्रा वासी सहारनपुर उत्तर प्रदेश और दीपक कुमार वासी गाजियाबाद उत्तर प्रदेश को करनाल से गिरफ्तार किया। शिकायतकर्ता युद्धवीर सिंह वासी सी.एच.डी सिटी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आरोपी अंशु और दीपक ने उसकी लडक़ी का दाखिला मौलाना मेडिकल कॉलेज में एम.डी कोर्स में करवाने के लिए 45 लाख की धोखाधड़ी की है। शिकायतकर्ता युद्धवीर ने बताया की दोनों आरोपी बच्चों का दाखिला उच्च शिक्षा के लिए अच्छे कॉलेज में कराने के लिए लोगों से पैसे ठगते है। और जिन्होंने मेरी बेटी के एडमिशन के लिए भी 45 लाख रुपए ठग लिए है। जिसके बाद केस दर्ज कर लिया गया।

### पुलिस करेगी पूछताछ

एस.आई हरभजन सिंह ने बताया कि आरोपी अंशु और दीपक को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर 2 दिन का रिमांड हासिल किया है। दौराने रिमांड दोनों आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जाएगी और मुकदमे में बरामदगी की जाएगी।

# अवैध हथियारों के जखीरा के साथ तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- आरोपियों से 6 देसी पिस्तौल, 5 मैग्जीन व 4 जिंदा कारतूस बरामद

पानीपत पुलिस की एंटी व्हीकल थेप्ट की टीम ने थाना औद्योगिक सेक्टर 29 क्षेत्र में चौटाला रोड पर स्टेडियम के पास असला तस्कर सहित तीन आरोपियों को भारी मात्रा में अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार किया। आरोपियों से 6 देसी पिस्तौल, 5 मैग्जीन व 4 जिंदा रौंद बरामद हुए। एंटी व्हीकल थेप्ट इंचार्ज सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि एंटी व्हीकल थेप्ट की टीम ने चौटाला रोड पर से नवाब पुत्र जाफर अली निवासी कदमगाची किशनगंज पश्चिम बंगाल हाल कृष्णा गार्डन पानीपत, बलवान पुत्र धर्मसिंह निवासी बालरागडान व अंकित पुत्र जोगिंद्र निवासी जैणी करनाल के रूप में बताई। तलाशी लेने पर आरोपी नवाब के बैग से 4 देसी पिस्तौल, 3 मैग्जीन, 4 जिंदा रौंद व आरोपी अंकित की पेंट से 2 देसी पिस्तौल व आरोपी बलवान से 2 मैग्जीन बरामद हुई। बरामद सभी अवैध देसी पिस्तौल अनलोड मिले। आरोपी अवैध हथियार, कारतूस, मैग्जीन मध्य प्रदेश के धार जिला के एक गांव में युवक से 70 हजार में खरीदकर लाया था। सोमवार को आरोपी नवाब चौटाला रोड पर स्टेडियम के पास उक्त अवैध हथियार आरोपी बलवान व अंकित को बेचने के लिए आया था। आरोपी ने 32 बौर के दो देसी पिस्तौल आरोपी अंकित को 20 हजार में व दो मैग्जीन आरोपी बलवान को 2 हजार में उधार में बेची थी। पुलिस ने दबिश देकर तीनों आरोपियों को अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार कर लिया।

### पेशेवर अपराधी है नवाब

आरोपी नवाब के खिलाफ पानीपत में चोरी व हत्या की वारदातों के जिला के विभिन्न थाना में 7 अभियोग व करनाल में कारागार अधिनियम व आर्म्स एक्ट के तहत 2 अभियोग दर्ज है। आरोपी इससे पहले वर्ष 2021 में करनाल में अवैध हथियारों सहित पकड़ा गया था। इसी प्रकार आरोपी बलवान के खिलाफ हत्या का एक अभियोग करनाल के सिविल लाइन थाना में दर्ज है।

**ठगी** | **कबूतरबाज ने रुपये लेकर पीड़ित को थमाया फर्जी लेटर**

# जज का रिश्तेदार बताकर उच्च न्यायालय में सरकारी क्लर्क लगवाने के नाम पर ठगे 10.68 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- पुलिस ने आरोपी के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

उच्च न्यायालय के जज का रिश्तेदार बताकर सरकारी क्लर्क लगवाने के नाम पर मलिकपुर बांगर निवासी अजय कुमार से एक व्यक्ति ने दस लाख 68 हजार रुपये ठग लिए। आरोप पंचकूला की रथपुर कॉलोनी निवासी चैन सिंह पर लगा है। आरोप है कि आरोपी ने उसे फर्जी लेटर दिया।

नौकरी न लगने पर जब अजय ने आरोपी से रुपये वापस मांगे तो उसने देने से मना कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अजय कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी सात मई 2023 को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस अंबाला में पंचकूला की रथपुर कॉलोनी निवासी चैन सिंह के साथ मुलाकात हुई थी। आरोपी ने उसे कहा कि उच्च न्यायालय चंडीगढ़ में क्लर्क के पद पर सरकारी नौकरी निकली हुई है। उच्च न्यायालय के जज उसके रिश्तेदार हैं। एचसीएस से भी उसके संबंध है। आरोपी ने उसे आश्वस्त किया कि वह उसे सरकारी क्लर्क के पद पर लगवा देगा। इसके लिए उसने 20 लाख रुपये की मांग की। सरकारी नौकरी के चक्कर में वह आरोपी चैन सिंह की बातों में आ गया और उसने क्लर्क पद पर लगने के लिए हामी भर दी। लेकिन उसे न तो नौकरी मिली और न ही उसके पैसे वापस मिले।

### कुछ रुपये नकद और कुछ आरटीजीएस व गूगल पे से लिए

इसके बाद आरोपी ने अलग-अलग कर उससे दस लाख 68 हजार रुपये ले लिए। इनमें से कुछ रुपये उसने आरोपी को नकद और कुछ रुपये आरटीजीएस व गूगल पे के माध्यम से आरोपी के खाते में डलवाए। एक दिन आरोपी ने उसे मिलने के लिए कालका बुलवाया। वहां पर एक लेटर दिया। जिस पर फोटो व रोल नंबर भी था। आरोपी ने उससे एक कागज पर भी हस्ताक्षर कराए। आरोपी ने उससे असली दस्तावेज ले लिए और उसे कहा कि दो से तीन दिन में उसकी सिलेक्शन हो जाएगी। इसके बाद वह घर आ गया। जब उसने वह लेटर देखा तो उसे कुछ शक हुआ। उसने अपने स्तर पर इस लेटर के बारे में पता किया तो यह फर्जी निकला। उसने आरोपी से इस बारे में बात की और पंचायत हुई। जिसमें आरोपी ने गलती मानते हुए पूरे रुपये ब्याज सहित देने का वायदा किया। लेकिन फिर भी आरोपी ने उसके रुपये वापस नहीं किए। उसने परेशान होकर इसकी शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### हुड़दंगियों से सख्ती से निपटी पुलिस

**समालखा।** समालखा की अनाज मंडी में कॉलेज व स्कूलों के सामने दोपहिया वाहनों पर हुड़दंग बाजी करते घूम रहे बच्चों के व बिना लाइसेंस, बिना कागज व हेलमेट के लोगों के भी पुलिस के द्वारा चालान काटे गए। समालखा थाना प्रभारी फूल कुमार बताया पानीपत पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के आदेश अनुसार स्कूल व कॉलेजों के समाने जो मनचले बाइक लेकर हुड़दंग बाजी करते, बिना हेलमेट व बिना लाइसेंस घुम रहे हैं। पुलिस द्वारा उन लोगों के चालान किए गए हैं। थाना प्रभारी ने समालखा वासियों अपील करते हुए कहा कोई भी मां-बाप अपने 18 साल से कम उम्र के बच्चों को कोई भी वाहन ना दें। ऐसा होने पर न केवल वाहन को इमपाउंड किया जाएगा बल्कि मां-बाप के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाही की जाएगी।

# सड़क पार कर रहे व्यक्ति की कार की चपेट में आने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ किया मामला दर्ज

शहर के मधु चौक के पास सड़क पार कर रहे व्यक्ति की कार की टक्कर लगने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रामपुरा कॉलोनी निवासी अरुण कुमार ने बताया कि वह गगन स्पेयर पार्ट जगाधरी में नौकरी करता है। सोमवार को उसके पिता रमेश चंद घर से मधु चौक के पास बंधन बैंक में रुपये निकलवाने के लिए गए थे।

रेलवे रोड पर मधु चौक के नजदीक बूट बाजार के नजदीक जब उसके पिता सड़क पार करने लगे तो जगाधरी की तरफ से तेज गति से आई 20 कार आई। आरोप है कि चालक ने लापरवाही से कार चलाते हुए उसके पिता रमेश चंद को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसके पिता उछल कर उसकी कार के अगले शीशे पर लगे। जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने आरोपी चालक की कार में ही उसके पिता को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसके पिता की गंभीर हालत देखते हुए पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया। उन्होंने उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी कार चालक पर केस दर्ज कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने पढ़ाया नशे से दूर रहने का पाठ

**करनाल।** एसपी शशांक कुमार सावन के कुशल मार्गदर्शन में प्रतिदिन अलग-अलग स्कूल, कॉलेजों छात्रों और आमजन को सामुदायिक आउटरीच प्रोग्राम के तहत जागरूक किया जा रहा है। इस एंटी ड्रग कैंपेन कार्यक्रम के तहत आज करनाल पुलिस की टीम ने डीएसपी सोनू नरवाल के निर्देशन में बस स्टैंड करनाल के वर्कशॉप में जाकर कर्मचारियों और आमजन को यातायात सुरक्षा और नशे से दूर रहने का पाठ पढ़ाया।

### संगठनों ने फिर खोला सरकार के खिलाफ मोर्चा

**करनाल।** संयुक्त किसान मोर्चा से जुड़े हरियाणा के पांच किसान संगठनों ने सरकार के खिलाफ एक बार फिर मोर्चा खोल दिया है। इस माह के आखिर से 19 जनवरी तक अलग-अलग जिलों में धरने प्रदर्शन किए जाएंगे। मंगलवार को डेरा कार सेवा में हुई पांच किसान संगठनों की हुई बैठक में कई निर्णय लिए गए। बैठक की अध्यक्षता भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम के प्रदेश प्रवक्ता बहादुर मेहला बलड़ी ने की।

### आज बंद रहेंगी प्रदेशभर की सब्जी मंडिया

**करनाल।** हरियाणा में कल आम जन के लिए परेशानी बढ़ने वाली है। एडवांस मार्किट फीस जमा करवाने के नियम से सब्जी मंडी आढ़तियों में सरकार के प्रति गुस्सा साफ नजर आ रहा है। जिसके चलते आढ़तियों ने 20 दिसंबर को सब्जी मंडी बंद करने का ऐलान कर दिया है। साथ ही एसोसिएशन ने चेताया है कि यदि सरकार अपने फैसले को वापस नहीं लेती है तो हड़ताल अनिश्चितिकालीन भी हो सकती है।

### विद्यापीठ में नृत्य में छात्रों ने मचाया खूब धमाल

**कुरुक्षेत्र।** गीता जयंती महोत्सव 2023 के अवसर पर जयराम विद्यापीठ परिसर में चल रही अंतर्विद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिताओं का गीता व रामायण पर आधारित सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता के साथ समापन हो गया। सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में करीब 55 स्कूलों की विभिन्न टीमों के प्रतिभागियों ने खूब धमाल मचाया।

### छात्राओं को मौलिक अधिकारों की दी जानकारी

**कुरुक्षेत्र।** सामुदायिक सहभागिता के एक जीवंत प्रदर्शन में, उदयन शालिनी फेलोशिप के कुरुक्षेत्र चैप्टर ने आज एक रैली का आयोजन किया, जिसे एचडीएफसी द्वारा उदारतापूर्वक प्रायोजित किया गया, जिसमें मानव अधिकारों और अपशिष्ट प्रबंधन के महत्वपूर्ण विषयों पर ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यक्रम के पहले भाग में कुरुक्षेत्र नसिंर्ग होम के प्रबंधक डॉ. सुभाष गर्ग ने अपशिष्ट प्रबंधन में बहुमूल्य अंतदृष्टि प्रदान करने के लिए उदाहरण द्वारा पर्यावरण सरंक्षण पर प्रकाश डाला।

### कुवि के 8 शोधार्थी पीएचडी उपाधि के पात्र घोषित

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने शोध समिति और परीक्षकों के बोर्ड की अनुशंसा पर 08 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि के लिए पात्र घोषित किया है।

### विवेकानंद ने किया गीता की शिक्षाओं का प्रचार

**पिहोवा।** पिहोवा के गांव थाना में ब्रह्म सरोवर तट पर दो दिवसीय गीता महोत्सव आयोजन किया जा रहा है। गीता महोत्सव के दूसरे दिन जजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष प्रो रणधीर सिंह ने शिरकत की।

### भागवत कथा सुनने से ही होता है जीव का कल्याण

**कुरुक्षेत्र।** गीता जयंती के पावन अवसर पर श्री गो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति सेवा के तत्वावधान में ज्योतिसर तीर्थ में शुरू हुए संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के तृतीय दिवस पर संस्थापक अध्यक्ष भागवत प्रवक्ता कथावाचक अनिल शास्त्री ने कहा कि भगवान कृष्ण ही सृष्टि का सृजन करते हैं।

## चेतावनी- अतिक्रमण करने की आदत बदलें दुकानदार

# अतिक्रमणकारी 7 दुकानदारों के चालान, 11 हजार जुर्माना

### प्रवर्तन दल बाजारों का रोजाना करेगा दौरा 5000 रुपये का लगेगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ करनाल



नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा के आदेश के चलते निगम का अतिक्रमण मुक्त अभियान बदस्तूर जारी है। इसके चलते शहर की मुख्य सड़कों पर दुकानदारों द्वारा बोर्ड या सामान रखकर सड़क को घेरना तथा किराए के लालच में बाजारों में अतिक्रमण करवाने वाले दुकानदारों के खिलाफ नगर निगम की सफाई शाखा के प्रवर्तन दल ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। एन्फोर्समेंट टीम ने मंगलवार को शहर के जोन नम्बर 2 व 4 में पड़ने वाले मॉडल टाऊन, लहसुन मंडी, कर्ण गेट तथा रेलवे रोड का निरीक्षण किया। इस दौरान अतिक्रमण कर रहे 7 दुकानदारों के चालान किए गए और उन पर 11 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। इनमें एक दुकानदार का 5 हजार रुपये का चालान भी किया गया है। यह जानकारी उप निगम आयुक्त अरूण भार्गव ने दी। उन्होंने बताया कि जो दुकानदारों अपने सामान को सड़क पर आगे तक रखते हैं या फड़ी वालों से किराया लेकर उन्हें अपनी दुकान के आगे जगह देते हैं, ऐसे दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि ऐसे 7 दुकानदारों के चालान किए गए और उन पर 11 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा दुकानों के आगे रखा सामान भी जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि दुकानों के आगे सडक़ पर सामान रखने या फड़ी लगाने से सड़क संकरी हो जाती है, जिससे ट्रैफिक व्यवस्था खराब होने के साथ-साथ बाजारों में आने वाले नागरिकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि प्रवर्तन दल द्वारा बाजारों का रोजाना दौरा किया जा रहा है। अगर कोई दुकानदार या फड़ी वाला सडक़ पर अतिक्रमण करते पाया गया तो उसका सामान जब्त करने के साथ-साथ 5 हजार रुपये तक जुर्माना भी किया जाएगा।

#### किराए के लालच में अतिक्रमण

उन्होंने बताया कि निगम के प्रवर्तन दल द्वारा पहले भी बाजारों का दौरा किया गया और कई बार अतिक्रमण न करने की चेतावनी देकर छोड़ा गया है। परंतु फिर भी कुछ दुकानदार किराए के लालच में अतिक्रमण करवाते हैं और ग्राहकों व वाहन चालकों को परेशान करते हैं। उन्होंने पुनः चेताते कहा कि ऐसे दुकानदार अपनी इस आदत को बदल लें, अन्यथा उन पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके लिए वह स्वयं जिम्मेवार होंगे। प्रवर्तन दल में मुख्य सफाई निरीक्षक सुरेन्द्र चोपड़ा, सफाई मनदीप सिंह, सहायक सफाई निरीक्षक प्रवेश कुमार तथा स्वच्छ भारत मिशन टीम मौजूद रही।

# गोंदर ने विस में उठाए कई मुद्दे

- मांग : पंचायत की राशि को और 20 लाख तक के काम सरपंच करें : धर्मपाल

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ तरावड़ी



तरावड़ी। जानकारी देते हुये हल्का नीलोखेड़ी विधायक धर्मपाल गोंदर।

हल्का नीलोखेड़ी से विधायक एवं वन विकास निगम के अध्यक्ष धर्मपाल गोंदर ने विधानसभा सत्र के दौरान कई मुख्य मुद्दों को उठाया, विधायक ने करनाल क्षेत्र से होकर गुजरने वाली नहरों से क्षेत्र का सिंचाई क्षेत्र बढ़ाने की मांग की। इसके साथ ही विधायक ने 5 माह से रुकी हुई आशा वर्कर्स की सैलरी समय से देने के लिए आग्रह किया, साथ ही सरपंचों की गंभीर समस्या और ई टेंडरिंग की लिमिट को 5 से बढ़ाकर 20 लाख करने की मांग को दोबारा सदन में उठाया। विधायक ने उप मुख्यमंत्री के समक्ष डिपो डोल्डर्स को आ रही समस्या से भी परिचित करवाया जिसको लेकर उप मुख्यमंत्री द्वारा विधायक को आश्वस्त किया गया कि अगले माह से पूरा राशन मिलने लगेगा। विधायक धर्मपाल गोंदर ने कहा कि अब की बार हुई अत्यधिक बारिश के कारण सैकड़ों एकड़ भूमि जलमग्न हो गई थी। इसको लेकर गांव रायपुर, मानक माजरा, कलसी, बड़सालू, पुजम इत्यादि गांव से मांग पत्र लेकर काफी किसान और ग्राम पंचायतों के सरपंच उनसे मिले थे। इस विषय को लेकर सिरसा ब्रांच रायपुर, मनक माजरा के पास पंप हाउस का निर्माण करवाने बारे मांग रखी गई थी। इस मांग को लेकर विधायक धर्मपाल गोंदर मुख्यमंत्री कार्यालय में अपनी मांग को प्रस्तुत कर चुके हैं और सिरसा ब्रांच नहर पर पंप हाउस लगाने के लिए एस्टीमेट बनवाकर सरकार को भिजवाया गया है।

# किसानों-आढ़तियों को संकट में डाल रही सरकार

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ करनाल



करनाल। कांग्रेस के जिला संयोजक स. त्रिलोचन सिंह व अन्य कांग्रेस नेता जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

करनाल कांग्रेस के जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह ने 20 दिसंबर को सब्जी मंडियों में की जाने वाली हड़ताल का समर्थन करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार किसानों और आढ़तियों को आर्थिक संकट में डालने वाले फैसले ले रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने एक दिसंबर से एक नोटिस जारी कर दिया है कि सभी सब्जी विक्रेता एक साल का एडवांस में मार्केट फीस जमा करवाएं। दूसरे राज्यों में मार्केट फीस एडवांस में नहीं ली जाती, लेकिन सरकार ने इस काले कानून को लागू कर सब्जी विक्रेताओं के साथ भेदभाव किया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कोरोना काल में एक प्रतिशत मार्केट फीस और एक प्रतिशत ही एचडीआरएफ फीस लगाई थी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता व प्रवक्ता ललित अरोड़ा और सतपाल सरपंच जाणी ने कहा कि सरकार अपने तुगलकी फरमान वापस ले वरना प्रदेश में प्रदर्शन किए जाएंगे।

### दो भगोड़ों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**करनाल।** भगोड़े घोषित हुए दो अपराधियों को करनाल पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। बीती 18 दिसंबर को पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा अदालत के आदेशों के उल्लंघन करने वाले घोषित दो पी.ओ. को गिरफ्तार किया गया है। इनमें आरोपी अनिल कुमार निवासी हरिसिंहपुरा को साल 2006 के घरौंडा थाने के मुकदमा नंबर 372 ने अदालत के आदेशों की उलंघना करने पर जेएमआईसी निशांत शर्मा द्वारा पी.ओ. घोषित कर थाना घरौंडा में आईपीसी की धारा 174ए के तहत मुकदमा नंबर 805 दर्ज करके गिरफ्तार किया गया और आरोपी विरेंद्र निवासी खेड़ी नारू को जेएमआईसी नीलम द्वारा पी.ओ. घोषित कर दर्ज हुए मुकदमा नंबर 1192 में गिरफ्तार किया गया।

# कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

- सरकारी कार्यों को सुलभ कैसे बनाएं, तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में बताया

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ करनाल



करनाल। तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लेते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

डिविजनल ट्रेनिंग सेंटर हिपा रोहतक द्वारा महाराणा प्रताप उद्यान वि.वि. करनाल कुलपति सुधीर राजपाल के निर्देश पर कुलसचिव डॉ. अजय सिंह की देखरेख में एमएचयू में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करवाया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर डिविजनल ट्रेनिंग सेंटर हिपा रोहतक के प्रिंसिपल वीपी असीजा ने विशेष तौर पर शिरकत की। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहुंचने पर कॉर्डिनेटर डॉ. विजय अरोड़ा ने मुख्य वक्ता का फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में एमएचयू के ऑफिसर, फार्म मैनेजर, वैज्ञानिक, अकाउंट अधिकारियों ने भाग लिया। कुलसचिव डॉ अजय सिंह ने बताया कि यूनिवर्सिटी के 20 अधिकारियों, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों को ट्रेनिंग उपलब्ध करवाई जा रही हैं ताकि दिन-प्रतिदिन के होने वाले विभागीय कार्य सुलभ हो सकें। आशा है कि ट्रेनिंग के बाद विभागीय कार्य सुलभ होंगे ओर इनमें ओर तेजी आएगी। मुख्य वक्ता वीपी एसीजा ने बताया कि हिपा द्वारा समय-समय पर सेवा की सामान्य शर्तें व वित्तीय नियमों के बारे में जानकारी देने के लिए ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित करवाएं जाते है। अधिकारियों, कर्मचारियों को सर्विस रूल्स, वित्तीय नियमों की पूरी जानकारी हो ताकि विभागीय कार्य को सुचारु रूप से पूरा किया जा सके।

# वकीलों की सुरक्षा को खास कदम उठाएंगे: संदीप

- जिला बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का हुआ शपथ ग्रहण समारोह, ली शपथ

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ करनाल



करनाल। शपथ ग्रहण समारोह में जिला बार एसोसिएशन के नवनियुक्त पदाधिकारी शपथ लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

जिला बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह मंगलवार को हुआ। वरिष्ठ अधिवक्ता जंग बहादुर सिंह चौहान ने प्रधान संदीप चौधरी स्टौंडी, उपप्रधान गोपाल चौहान, महासचिव विकास संधु, संयुक्त सचिव अमरजीत धानिया व कोषाध्यक्ष मनोज गांधी को शपथ दिलाई। आरओ दलबीर सिंह कंडोला, एआरओ बृजभूषण शर्मा, गुलजार पोल, अभिषेक चौधरी, जितेंद्र वीर सिंह व अनुज गुप्ता ने नई कार्यकारिणी को सर्टिफिकेट सौंपते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। प्रधान संदीप चौधरी स्टौंडी ने कहा कि वकीलों की समस्याओं को हल करने के लिए जिला बार संघ प्राथमिकता के आधार पर कार्य करेगा। वकीलों की सुरक्षा को लेकर खास कदम उठाए जाएंगे। इस मौके पर अनिल साहनी, सतपाल चोपड़ा, वीरेंद्र पहल, कंवरप्रीत सिंह भाटिया, सुरजीत नरवाल, बलबीर चौहान, निर्मलजीत सिंह विर्क, रामपाल चौधरी, राजीव गुप्ता दिलावर काजल, विशाल गौड़, जेसी चावला, चरणजीत वधवा, मनीष लाठर व अभिषेक चौधरी आदि मौजूद रहे।

#### सरकार से करेंगे जमीन की मांग

शपथ ग्रहण समारोह के बाद मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए प्रधान संदीप चौधरी स्टौंडी ने कहा कि सरकार की ओर आबंटित की गई एक एकड़ जमीन पर नए चैंबर्स कॉम्पलेक्स का निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा। इसमें 260 चैंबर बनाए जाएंगे, जिससे लगभग 520 वकील लाभांवित होंगे। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद लगभग 700 वकीलों के लिए नए चैंबरों की आवश्यकता होगी। सरकार से मांग करेंगे कम से

# बेस्ट शिक्षक, मेंटर व सीआरसी को मिला

- एफएलएन कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाने और गुणवत्ता बनाए रखने के लिए एक नई पहल

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ करनाल



करनाल। पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुंजपुरा को जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित करते हुए।

जिला करनाल में एफएलएन कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाने और गुणवत्ता बनाए रखने के लिए एक नई पहल की गई। जिसमें वर्ष 2023-24 के लिए एक बैस्ट स्कूल राजकीय प्राथमिक पाठशाला नबीपुर, शिक्षिका नीलम देवी, मेंटर एबीआरसी तुषार राणा और सीआरसी सत्यवीर सिंह पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुंजपुरा को जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। वर्ष 2023-24 में राजकीय प्राथमिक पाठशाला नबीपुर के शिक्षक दलीप सिंह के नेतृत्व में जिला स्तरीय गणित मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रिंट रिच प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर पुरस्कार प्राप्त किया। इसके अलावा कलस्टर स्तर से लेकर राज्य स्तरीय शिक्षण सहायक सामग्री प्रदर्शनी में पुरस्कार प्राप्त किया। जिला स्तर एवं राज्य स्तरीय जन भागीदारी कार्यक्रम में राजकीय प्राथमिक पाठशाला नबीपुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मास्टर दलीप सिंह के नेतृत्व में राजकीय प्राथमिक पाठशाला नबीपुर ने ब्लॉक स्तरीय मुख्यमंत्री सौंदर्य पुरस्कार भी प्राप्त किया। मास्टर दलीप ने अपनी मेहनत के दम पर विद्यालय को स्मार्ट बनाया। बैस्ट सीआरसी के तौर पर सत्यवीर सिंह प्रधानाचार्य पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुंजपुरा ने भी बुलंदियां हासिल की।

#### ये रहे उपस्थित

बैस्ट मेंटर के तौर पर एबीआरसी तुषार राणा को विद्यालयों में बेहतर मॉनिटरिंग एवं विभिन्न विभागीय कार्यक्रमों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीआरसी सत्यवीर सिंह, दलीप सिंह नबीपुर, निशा त्यागी, मंजीत कौर, पूजा, सोनिया, बैस्ट मेंटर तुषार राणा, सत्यवान, सुरेंद्र, प्रवीण, कुशलपाल, पूनम, किरण, ममता, जसबीर, सुधा, उमा, सुमिता मेहला, सुनीता कटारिया, राजेश, मुकेश नारंग, अमित, धर्मबीर, सुषमा भाटिया, सुनील आदि कलस्टर के शिक्षक उपस्थित रहे।

# निर्मल का जीवन सेवा को रहा समर्पित

- महिला कांग्रेस की पूर्व प्रदेश महासचिव निर्मल कल्याण के निधन पर कुमारी सैलजा, हुड्डा सहित तमाम लोगों ने जताया शोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



करनाल। महिला कांग्रेस की पूर्व प्रदेश महासचिव निर्मल कल्याण के निधन शोक व्यक्त करती कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव कुमारी सैलजा। फोटो : हरिभूमि

महिला कांग्रेस की पूर्व प्रदेश महासचिव तथा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव राजेंद्र कल्याण एडवोकेट की धर्मपत्नी निर्मल कल्याण का निधन हृदय गति रुक जाने से गत दिवस हो गया। उनके पार्थिव शरीर को आज पंचतत्व में विलीन कर दिया गया। उन्हें हर वर्ग के लोगों ने अंतिम विदाई दी। उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव तथा छत्तीसगढ़ की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि निर्मल कल्याण कांग्रेस की सशक्त महिला नैत्री थी। जिन्होंने कांग्रेस को मजबूत करने में अपना अतुलनीय योगदान दिया। उन्होंने श्रीमती कल्याण के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजली अर्पित की। उन्होंने कहा कि कल्याण परिवार का हरियाणा की राजनीति में बड़ा योगदान रहा हैं। यह परिवार उनके पिता चौधरी दलबीर सिंह के काफी नजदीक रहा हैं। उन्होंने राजेंद्र कल्याण को इस शोक की घड़ी में ढांढस बंधाया। श्रीमती कल्याण कांग्रेस में महिला विंग की प्रदेश महासचिव रही।

## निफा के संस्थापक अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नु ने किया आह्वान

# अच्छा इंसान बनने के गुण सीखने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ करनाल



जिस विद्यालय को महान संत बाबा निक्का सिंह के नाम पर रखा गया हो, जिसका निर्माण संत अमरीक देव जैसी पुण्य संत आत्मा ने करवाया हो और जहां अक्सर संत राम सिंह जैसे महापुरुषों के चरण पड़ते हों, वहां के विद्यार्थियों को केवल शिक्षा ही नहीं बल्कि आशीर्वाद की प्राप्ति भी शिक्षा के साथ साथ होती रहती है। ये उद्गार व्यक्त करते हुए निफा के संस्थापक अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नु ने आज संत निक्का सिंह पब्लिक स्कूल जरीफ़ा फ़ार्म के विद्यार्थियों को सफल जीवन जीने और सफलता व ज़िम्मेदारी का समन्वय स्थापित करते हुए ज़िम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाने का आग्रह किया। विद्यालय के निदेशक के एल डांग, प्रिंसिपल मंजु यादव, प्रबंधक राजेश गुप्ता व वी के सैनी ने 26 नवम्बर से शुरू की गई देश की बात नामक कार्यक्रम श्रृंखला की कड़ी में आज उनके विद्यालय में पहुँचने पर टीम निफा व सहयोगी संस्था जेनेसिस क्लासेस, कानन इंटरनेशनल ओर प्रथम की टीम का स्वागत किया व सभी को फूलों के पौधे भेंट कर सम्मानित भी किया। 26 नवम्बर से 26 नवम्बर- देश की बात कार्यक्रम के तहत अब तक 16 विद्यालयों के बच्चों को अपने सारगर्भित उद्बोधन से अच्छे व सफल नागरिक बनने के गुर सिखा चुके इस अवसर पर संत निक्का सिंह पब्लिक स्कूल के निदेशक के एल डांग ने महात्मा गांधी द्वारा कही गई बात का हवाला देते हुए कहा कि शिक्षा विद्यार्थी की प्रतिभा को सामने लाने का नाम है।

#### पोस्टर प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित

मंच संचालन अध्यापिका कविता रानी ने किया। कार्यक्रम में पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। अपने अपने सपनों के भारत को पोस्टर के रूप में प्रस्तुत करने के लिए जूनियर ग्रुप (कक्षा छठी से नौवीं) में जश्न को पहला, मिष्ठी को दूसरा व सृष्टि को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। वहीं दसवीं से बाहरवीं कक्षा के सीनियर ग्रुप में पहले स्थान पर अमृत कौर रही जबकि दूसरे व तीसरे स्थान पर नैन्सी और तनीश रहे। इन सभी विद्यार्थियों को विशेष सम्मान से नवाज़ा गया और अन्य सभी को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र दिये गये। कार्यक्रम में जेनेसिस से राजेश कुमार, निफा से रजनीश चोपड़ा, सतिंदर गांधी, मनिंदर सिंह, कपिल शर्मा व सभी अध्यापक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

# राजेश खन्ना ने गोल्ड सहित जीते चार पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



राजेश खन्ना मैडल के साथ।

करनाल के राजेश खन्ना ने एक बार फिर करनाल का नाम रोशन किया है। तीसरी खेलो इंडिया मास्टर्स गेम्स 2023 मे राजेश खन्ना ने 4 पदक हासिल किए हैं। उन्होंने 4 गुना 100 मीटर रिले रेस मे गोल्ड, 400 मीटर में सिल्वर मेडल और 2 ब्रांज मेडल 100 मीटर और 200 मीटर रेस में 50 प्लस केटेगरी मे जीते। यह प्रतियोगिता कामनवेल्थ गेम्स विलेज काम्प्लेक्स नई दिल्ली में 15 और 16 दिसंबर 2023 को संपन्न हुई। इसमें 23 राज्यों के खिलाडियो ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ दिल्ली से सासंद मनोज तिवारी ने किया। उनका चयन नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए हो गया है। जो कि हैदराबाद मे 8 से 11 फरवरी 2024 को होगी। उनकी इस उपलब्धि से खुशी का माहौल है। राजेश खन्ना वायु सेना से रिटायर्ड है। फिलहाल एल्डिको कंपनी पानीपत में डिप्टी मैनेजर हैं।

## खबर संक्षेप

### ब्रेकथ्रू ने ग्रामीणों को जागरूक किया

**पानीपत।** ब्रेकथ्रू संस्था द्वारा शिक्षा एवं महिला व बाल विकास विभाग के सहयोग से पत्थरगढ़ गांव में बड़ी सी आशा, हमारी समस्या हमारे प्रयास नाटक के माध्यम से गांववासियों को लड़कियों की शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम गांव में तीन जगह आयोजित किए गए। जिसमें दिखाया गया की ब्रेकथ्रू संस्था के कार्य से समाज में किस तरह से बदलाव आ रहा है।

### स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर हो नारी : मालती

**पानीपत।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मीडिया तथा पानीपत प्रभारी मालती अरोड़ा ने कहा की मनोहर सरकार महिलाओं को सशक्त स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाने के लिए मातृशक्ति उद्यमिता योजना सहित अन्य महिला कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। जिनके माध्यम से महिलाओं को आर्थिक सहायता से लेकर स्वरोजगार स्थापित करने में सहायता प्रदान की जाती है। मालती अरोड़ा ने बताया कि हरियाणा सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना शुरू की है। योजना के माध्यम से महिलाओं को तीन लाख तक का ऋण सात प्रतिशत ब्याज दर की छूट पर उपलब्ध करवाया जाता है।

### संकल्प यात्रा का स्वागत किया

**पानीपत।** पानीपत के गांव डिकाडला में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान भाजपा जिला महामंत्री कृष्ण छौक्कर ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया और गांव के सरकारी स्कूल के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया।

### जान लेवा हमले का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** थाना पुराना औद्योगिक पुलिस ने सीआईए टू पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने के मामले में चौथे आरोपी को सोमवार को जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लाकर गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान मोमिन निवासी हरिनगर के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपी ने मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके अपने तीनों साथी आरोपियों के साथ मिलकर जानलेवा हमला करने की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा।

### बाइक के साथ चोर गिरफ्तार, केस दर्ज

**पानीपत।** थाना चांदनी बाग पुलिस टीम ने सेक्टर 25 में हनुमान चौक पर जितेंद्र पुत्र धर्मवीर निवासी परमहंस कॉलोनी को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी चोरीशुदा बाइक को बेचने के लिए ग्राहक की फिराक में घूम रहा था। थाना चांदनी बाग प्रभारी इंस्पेक्टर कर्मवीर ने बताया कि बाइक चोरी की वारदात बारे थाना चांदनी बाग में मृत्युंजय पुत्र राकेश निवासी बापौली की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है।

### विवाह से पहले ही दहेज उत्पीडन, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के इंसार बाजार में कपड़े के दुकानदार की बेटी की शादी के कार्ड बंटने के बाद दूल्हे साहिल कटारिया ने शादी से इंकार कर दिया। दुल्हे व इसकी मां अंजलि कटारिया ने पहले सगाई के वक्त दहेज का सामान, गहने-कैश ले लिए। फिर बारात आने के सात दिन पहले अचानक क्रेटा कार मांग ली। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी मां अंजलि व बेटे साहिल के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### किसानों को मिलेगे कृषि यंत्र

**पानीपत।** उपायुक्त विरेन्द्र दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 के दौरान एसएमएएम व एनएफएसएम स्कीम के तहत 40 से 50 प्रतिशत अनुदान राशि के लिए व्यक्तिगत श्रेणी के किसानों के लिए 29 तरह के कृषि यंत्रों और ट्रैक्टर पर लगे स्प्रेयर अनुदान पर दिए जा रहे हैं।

---

### पानीपत जिला बार एसोसिएशन के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने शपथ ली

# वकीलों से किए हर वादे को पूरा करूंगा : अमित

*पहले कार्यकाल में जो कार्य पेंडिंग रह गए थे, उन्हें सबसे पहले करवाएंगे*

इलेक्ट्रिसिटी इंडिपेंडेंस मीटर, बिल्डिंग का प्रपोजल जल्दी से जल्द तैयार करवा कर चैंबर अलॉर्ट करवाए जाएंगे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत जिला बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित 96वें प्रधान अमित कादियान सहित पूरी कार्यकारिणी ने शपथ ली और विधिवत रुप से अपना कार्यभार संभाल लिया है। बार के मीटिंग हॉल में आयोजित हुए शपथ ग्रहण समारोह में उपप्रधान हर्ष सैनी, सचिव आशीष बंसल, सहसचिव दिनेश कुमार और कैशियर बबीता कादियान मुख्य रुप से शामिल रहे। पानीपत बार एसोसिएशन के लगातार दूसरी बार प्रधान चुने गए अमित कादयान ने सभी अपने सीनियर व साथी वकीलों का दोबारा प्रधान बनाने व उन पर विश्वास जताने पर धन्यवाद करते हुए दावा किया कि वकीलों से किए हर वादे को प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा और उनके पहले कार्यकाल में जो भी कार्य पेंडिंग रह गए थे, उन्हें सबसे पहले करवाएंगे। इनमें इलेक्ट्रिसिटी इंडिपेंडेंस मीटर, बिल्डिंग का प्रपोजल जल्दी से जल्द तैयार करवा कर चैंबर अलॉर्ट करवाए जाएंगे। ताकि जो नए आने वाले वकील हैं, वह अपने चेंबर में बैठकर अपने कार्य को सुचारू रूप से कर सके। इसके साथ ही एक नया हाल भी वकीलों के लिए बनवाएंगे।



**पानीपत।** पानीपत जिला बार एसोसिएशन के प्रधान अमित कादियान व अन्य पदाधिकारीगण प्रसन्न मुद्रा में। *फोटो : हरिभूमि*

- वकीलों की मेंबरशिप 3100 की जगह 2100 उनकी तरफ से घोषणा की गई थी, वह लागू ही रहेगी

#### वर्क सस्पेंड को क्लीयर करने की मांग

कार्यक्रम के दौरान वकीलों द्वारा एक मांग रखी गई है कि वर्क सस्पेंड को पहले, तीसरे व पांचवें शनिवार को ही रखा जाए। इस पर प्रधान अमित कादियान ने कहा कि वह सभी जिलों की बार से बात करके अगली मीटिंग में इस पर विचार विमर्श करेंगे और उचित फैसला जाएगा। अमित कादियान ने नए वकीलों की मेंबरशिप के बारे में कहा कि 3100 की जगह 2100 उनकी तरफ से घोषणा की गई थी, वह लागू ही रहेगी।

---



## घायल गोवंश का उपचार किया

- संजू पुजारी को श्याम बाबा मंदिर का पुजारी होने के नाते पटका पहनाकर सम्मान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

गो रक्षा दल हरियाणा द्वारा संचालित बांके बिहारी गो उपचार समिति चुलकाना धाम ने दो घायल गाय का उपचार करवाया। वहीं उपचार करने में समिति के जिला मीडिया प्रभारी सोनू शर्मा छदिया, डॉ. गौरव, पूर्व जिला प्रधान गुलशन सरोहा, मोनू चुलकाना, विशु सैनी, अंकित रोहिल्ला, राहुल पसीना, पप्पू पसीना, सागर फौजी, गोविंद माजरी,योगी, गुलशन सरोहा, प्रवीन गुर्जर, प्रमोद छदिया, जग्गू छदिया, सोनू शर्मा छदिया आदि मौजूद रहे। गो माता सेवा समिति पानीपत के प्रधान राकेश जैन, उपप्रधान विकास, मुकेश और समिति के सभी सदस्यों ने संजू पुजारी चुलकाना धाम के साथ गौ माता को हरा चारा खिलाया। वहीं संजू पुजारी को श्याम बाबा मंदिर का पुजारी होने के नाते पटका पहनाकर सम्मान किया। बता दें कि इस समिति द्वारा हर रविवार को बंदरों की सेवा, गो माता की सेवा और अन्य अनबोल जीवों की सेवा की जाती है।

---

## भाजपा सरकार ने जनता का शोषण किया : सचिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


सचिन कुंडू।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान हरियाणा कांग्रेस व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में हरियाणा में कांग्रेस का 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान सफलतापूर्वक चल रहा है। कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उन्हे कांग्रेस सरकार की हितैषी नीतियों से अवगत करा रहे हैं। ये शब्द युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सचिन कुंडू ने पानीपत ग्रामीण हलके की साईं कॉलोनी, सौदापुर चौक में 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान के तहत आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने जनता से किए कभी वादे को पूरा नहीं किया, वहीं प्रदेश सरकार की गलत नीतियों से जनता का हर वर्ग परेशान है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सिर्फ सत्ता का भोग करती है जनता की सेवा नहीं करती। प्रदेश में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, अपराध का ग्राफ तेजी से बढ रहा है। जबकि प्रदेश सरकार इन गंभीर मुद्दों पर कुंभकर्णी नींद सो रही है। इस अवसर पर दीपक खटकड़, सतबीर लोहान, कृष्ण आसन, बारी राम, दिनेश, पाला राम, महेश पांडे, संदीप, सतबीर सिंह, महेंद्र, मोहित बिंझौल, तेजी चंदौली, संदीप बुडशाम आदि अन्य सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

---

## लायंस क्लब ने छात्रों को जर्सियों व जूते बांटे

- लायंस क्लब का उद्देश्य हर जरूरतमंद की मदद करना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

लायंस क्लब पानीपत ग्रेटर द्वारा श्री विश्वकर्मा मंदिर हरि सिंह कॉलोनी में मंगलवार को चेतना स्कूल हरि सिंह कॉलोनी के बच्चों को गर्म जर्सी एवं जूते वितरित किए गए। जिसमें लायंस क्लब पानीपत ग्रेटर के पूर्व गवर्नर विनय गर्ग, प्रधान पवन ढींगडा, सचिव रविंद्र जैन, कोषाध्यक्ष सुखविंदर सिंह बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। वहीं चेतना परिवार के संस्थापक दीपचंद निमोर्ही, श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा के चेयरमैन विनोद पांचाल, कोषाध्यक्ष राजकुमार पांचाल, विजेंद्र पांचाल, रविंद्र पांचाल, रतन पांचाल ने क्लब के पदाधिकारी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। क्लब के सहयोगी नफे सिंह खारी एवं चेतना स्कूल की अध्यापिका कविता सिंगल व दीपांशी को भी सम्मानित किया गया। पूर्व गवर्नर विनय गर्ग ने कहा कि लायंस क्लब का उद्देश्य हर जरूरतमंद की मदद करना है। इसी उद्देश्य के तहत वह लगातार स्कूली बच्चों को जूते, जर्सी एवं पाठ्य सामग्री उपलब्ध करवा रहा है। जिससे बच्चे पढ़ लिखकर अपने पैरों पर खड़े होकर अपनी आजीविका चला सकें। प्रधान पवन ढींगडा ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं इसलिए पढ़ाई में उनकी जितनी भी मदद हो सके वह सभी को करनी चाहिए। सचिव रविंद्र जैन ने कहा कि बच्चे मन लगाकर पड़े ताकि वह भविष्य में उच्च पदों पर आसीन हो सकें। उन्होंने कहा कि क्लब समय-समय पर उनका सहयोग करता रहेगा। क्लब के पदाधिकारियों एवं श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा के पदाधिकारियों ने चेतना परिवार के संस्थापक दीपचंद निमोर्ही का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।


**पानीपत।** चेतना परिवार के संस्थापक दीपचंद निर्मोही को सम्मानित करते विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी गण।

### पेंटरों को प्लेटफार्म देगा आर्ट्स एकेडमी

**पानीपत।** चित्रकार राजपाल कालिया ने बताया कि वह कला के क्षेत्र में 30 वर्ष से कार्यरत हैं। इस दौरान अनेक उतार चढ़ाव देखे हैं। एक कलाकार की पीड़ा को अनुभव किया और अब उभरते कलाकारों का सहयोग करने का निश्चय किया है। किसी हजारों रुपये लगाकर कोई चित्रकार जैसे तैसे एक पेंटिंग बना तो लेता है लेकिन इसे बेचने के लिए आर्ट गैलरी का खर्च नहीं उठा पाता। ऐसे युवा कलाकारों की विडंबना को देखते हुए छाया आर्ट्स एकेडमी द्वारा एक आर्ट गैलरी बनाई गई है। अब उन्हें अपनी पेंटिंग्स की प्रदर्शनी लगाने लिए दरबदर नहीं भटकना पड़ेगा और न ही कोई कीमत चुकानी पड़ेगी। नव वर्ष की शुरूआत में ही कलाकारों को यह तोहफा दिया जा रहा है। पानीपत माडल टाउन में अनेजा पेट्रोल पंप वाली सड़क पर आर्ट गैलरी में 1 से 15 जनवरी तक चित्रकला प्रदर्शनी लगाई जा रही है।

---

### छात्रा सुसाइड केस- दोनों आरोपी पुलिस रिमांड पर

**पानीपत।** पुराना औद्योगिक थाना पुलिस ने मनचलों से तंग आकर छात्रा की खुदकुशी के केस में दोनों आरोपियों मनीष और साहिल निवासी गांव खोतपुरा जिला पानीपत गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों को मंगलवार को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

पुराना औद्योगिक थाना पुलिस प्रभारी इंस्पेक्टर वीरेंद्र कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों से रिमांड के दौरान उनके मोबाइल फोन बरामद किए जाएंगे। इसके अलावा आरोपियों से पता किया जाएगा कि उनकी गैंग में कौन-कौन शामिल है। सबसे बड़ी बात यह भी पता लगाया जाएगा कि उन्होंने छात्रा की फोटो को किस तरह कैप्चर किया है। क्या फोटो को एडिट किया गया है या उन्होंने छात्रा को अपने चंगुल में लिया हुआ था।

---




## उपायुक्त ने बैंक अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई

- 31 दिसम्बर तक योजना से सम्बंधी लम्बित मामलों को जीरो करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने मंगलवार के जिला सचिवालय में बैंक अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना की समीक्षा बैठक करते हुए सभी बैंक अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये। डीसी ने मामलों को लम्बित रखने वाले बैंक अधिकारियों को फटकार लगाते हुए उन्हें आगामी 31 दिसम्बर तक योजना से सम्बंधी लम्बित मामलों को जीरो करने के निर्देश दिए। सभी अधिकारियों को कहा कि सभी अधिकारी योजना से सम्बंधित आई हुई शिकायतों का निपटान करें ताकि बार-बार रिव्यू ना करना पड़े। बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा आरंभ कि गई इस योजना के माध्यम से ऐसे सभी परिवारों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने का प्रयास किया जा रहा है जो गरीब है। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त वीना हुड्डा, समालखा एसडीएम अमित कुमार, मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी अवंतिका थरेजा, एलडीएम तुला राम आदि मौजूद रहे।

### हुडा ने एंजेल प्राइम मॉल को खाली करने का नोटिस चस्पा किया

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर 12 स्थित एंजेल प्राइम मॉल को लेकर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण यानि हुडा ने 18(1) बी के तहत एक सप्ताह में खाली करने का नोटिस चस्पा किया है। वहीं, सात दिसंबर के पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश के बाद हुडा एंजेल मॉल को सील करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। हुडा द्वारा एंजेल मॉल पर चस्पा नोटिस में लिखा गया है कि 29 नवंबर 2023 को एंजेल प्राइम मॉल, हुडा के नियमों के विरुद्ध किए गए।

अवैध निर्माण के चलते रिज्यूम कर लिया गया था, अब एक सप्ताह के अंदर इसे खाली करने के आदेश दिए गए हैं, अगर नोटिस पर अमल नहीं किया जाता तो हुडा मॉल पर अपनी पजेशन लेने की कार्रवाई शुरू कर देगा।

---



### समाज सेवा संगठन ने बुजुर्गों को गर्म वस्त्र बांटे

**पानीपत।** समाज सेवा संगठन की ओर से मंगलवार को वार्ड 11 स्थित बुजुर्ग आश्रम में रहने वाले बुजुर्गों को गर्म जैकेट वितरण की गई। संगठन अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया समाज सेवा संगठन की ओर से इस वर्ष के गर्म कपड़े वितरण अभियान के तहत आज वार्ड 11 स्थित बुजर्ग आश्रम में रहने वाले बुजुर्गों को गर्म जैकेट वितरण की गई। जैन ने कहा हम बहुत ही भाग्य शाली हैं हमें बुजुर्गों का आशीर्वाद मिला और अगर किसी की भी नजर में ऐसा कोई परिवार हो जिसको गर्म कपड़ों की जरूरत है तो उनसे सम्पर्क करें। हमारी कोशिश होगी जरूरत मंद का कुछ सहयोग हो सके। जैन ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। इस धरा का इस धरा पे सब धरा का धरा रह जायेगा न कुछ साथ आया है न कुछ साथ जायेगा। इसलिए जहां तक संभव हो जरूरतमंदों की सहायत करनी चाहिए। इस अवसर पर प्रवीण जैन, नीरज जैन, विकास जैन , अमित जैन, दीपक गोस्वामी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

---



## एमडी पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने मेडल जीते

- विजेता बच्चों को सम्मानित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

रोहतक में आयोजित स्टेट कराटे चैंपियनशिप में एम डी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सिल्वर व गोल्ड मेडल प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। कोच मुकेश सरोहा की देखरेख में सातवीं कक्षा के आरव, पांचवी कक्षा के मनन ,तीसरी कक्षा के यश, केजी कक्षा के युग ने गोल्ड मेडल प्राप्त किए हैं। सातवीं कक्षा के अभिनव, छठी कक्षा के योगेश व तीसरी कक्षा के विसु ने सिल्वर मेडल प्राप्त कर स्कूल का नाम ऊंचा किया है। वहीं विद्यालय पहुंचने पर स्कूल चेयरपर्सन व प्रिंसिपल कुसुम धीमान द्वारा इन विजेता बच्चों को सम्मानित किया गया व अन्य बच्चों को भी इस तरह की खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते रहने के लिए प्रेरित किया। कराटे जैसे खेल हमें आत्मरक्षा के गुर में भी निपुण करते हैं।

---

### पानीपत के विनोद खंडेलवाल बने हरियाणा चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री प्रदेशाध्यक्ष

# हरियाणा के उद्यमियों की समस्याओं को हल करवाएगा एचसीसीआई

*समस्त पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष का फूल माला पहना कर स्वागत किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की पंचकूला में हुई प्रदेश की बैठक में सर्वसम्मति से विनोद खंडेलवाल को प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। पानीपत पहुंचने पर हरियाणा चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री पानीपत इकाई के चेयरमैन विनोद धमीजा व समस्त पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष का फूल मालाएं पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष विनोद खंडेलवाल ने हरियाणा के उद्योगपतियों की समस्याओं को सरकार के समक्ष रखने का आश्वासन देते हुए बताया कि हरियाणा चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री हरियाणा के उद्योगपतियों की समस्याओं को मजबूती से सरकार के सामने रखेगा और निराकरण करवाएगा। वहीं संगठन की प्रदेश की कार्यकारिणी की एक माह में घोषणा कर दी जाएगी। उन्होंने पानीपत के उद्योग में आगजनी की घटनाएं बढने पर चिंता जताई। हरियाणा चैंबर कॉमर्स एंड इंडस्ट्री पानीपत के अध्यक्ष विनोद धमीजा ने कहा कि विनोद खंडेलवाल के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर पानीपत के उद्योगपतियों की समस्या का समाधान हो पाएगा। उन्होंने कहा कि उद्योगपतियों की जैसे-जैसे समस्या सामने आएगी उनका समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि औद्योगिक इकाइयों में लगातर आगजनी की घटनाएं मुख्य मुद्दा है। पिछले महीने में काफी औद्योगिक इकाइयों में आगजनी की घटना हुई है जिससे औद्योगिक इकाइयां पूरी तरह से नष्ट होगी और उद्योगपतियों को करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि इन आगजनी घटनाओं पर समय से काबू नही पाने के लिये दमकल विभाग के अधिकारियों की लापरवाही का नतीजा बताया। उन्होंने कहा कि जो औद्योगिक इकाई पॉलिएस्टर की थी वहां फोम की गाड़ियां देरी से पहुंचती है तब तक उद्योग जलकर राख हो जाता है। उन्होंने कहा कि स्थानीय विधायक को जानकारी दी गई है कि फोम की दमकल विभाग की गाड़ियां समय से नहीं पहुंचती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष विनोद खंडेलवाल की अगुवाई में उद्योगपतियों की समस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष रखेंगे। इस अवसर पर राजीव अग्रवाल सचिव, राकेश भाटिया, सुरेन्द्र मित्तल, अतुल मित्तल कैशियर, नरेश गोयल,राजेन्द्र खुराना,रंजीत भटिया,सुदर्शन चुघ,राजकुमार नन्दा, सुरेश गुगनानी व नरेश गोयल मौजूद रहे।


**पानीपत।** हरियाणा चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के नवनियुक्त प्रधान का स्वागत करते हुए पानीपत के प्रधान विनोद धमीजा। फोटो :हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** शहर में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी विशाल को काबू किया है। इसके बाद उसे जमानत पर रिहा कर दिया। पंचकुला के सेक्टर 12 के वीरेंद्र ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 19 अप्रैल 2007 से 23 मई 2022 के दौरान इंद्रपुरी कॉलोनी में आरोपी विशाल व अन्य ने उसके बुआ के लड़के कुलदीप आनंद के साथ अदालत में सिविल दावा होते भी मकान बेचने का सौदा करने तथा बैंक से उक्त मकान पर लोन लेकर रजिस्ट्री अन्य के नाम करवाने की धोखाधड़ी करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### किशोरी से दुर्व्यवहार का आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना सदर क्षेत्र में किशोरी से दुर्व्यवहार के मामले में पुलिस ने आरोपी रोहित कुमार को गिरफ्तार किया है। अब उसे जेल भेज दिया गया है। पीड़िता के पिता ने 18 दिसंबर को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 17 को आरोपी रोहित ने किशोर पुत्री से दुर्व्यवहार कर जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है।

### चोरी का आरोपित एक दिन के रिमांड पर

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-शहजादपुर ने आरोपी भोला उर्फ पोला को गिरफ्तार किया है। अब आरोपी को एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। सोहाना गांव के गुलाब सिंह ने 24 नवंबर को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 22/23 की रात्रि गांव सोहाना से किसी ने उसके ट्यूबवेल से तारें चोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### धमकी देने के मामले में आरोपित पकड़ा

**अंबाला।** महिला पुलिस थाना नारायणगढ़ में दर्ज अभद्र व्यवहार कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी जगदीप सिंह को गिरफ्तार किया है। अब उसे जेल भेज दिया गया है।

# नन्हे छात्रों ने मचाया धमाल, पंजाबी-हरियाणवी गीतों पर जमकर थिरके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के एसए जैन कॉलेज के सभागार में पटेल रोड स्थित पीकेआर जैन मॉडल प्राइमरी स्कूल का वार्षिक उत्सव पूरे उत्साह के साथ आयोजित किया गया। समारोह में छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुतियों में अपनी प्रतिभा का जबरदस्त जलवा दिखाया। समारोह में मौजूद शक्षिकों के साथ छात्रों के अभिभावकों ने भी बच्चों की प्रतिभा देखकर जमकर सराहना की। समारोह में विधायक असीम गोयल बतौर मुख्यअतिथि पधारे थे जबकि गेस्ट ऑफ ऑनर के तौर पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा मौजूद हुए। यहां पहुंचने पर स्कूल प्रबंधक समिति के प्रधान धर्मपाल जैन, संयोजक महेंद्र जैन व प्रिंसिपल विजय लक्ष्मी भगत ने विधायक व





**अंबाला।** कार्यक्रम में पहुंचने पर विधायक असीम गोयल का अभिनंदन करते समिति पदाधिकारी व रंगारंग प्रसतुतियां देते छात्र। फोटो :हरिभूमि

डीईओ का बुके देकर अभिनंदन किया। इससे पहले प्रधान धर्मपाल जैन व संयोजक महेंद्र जैन ने बताया जैन समाज ने बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के मकसद से सन 2000 में पीकेआर जैन मॉडल प्राइमरी स्कूल एक पौधे के रुप में शुरू हुआ था। शुरूआत में स्कूल में केवल 90 बच्चे थे लेकिन अब यह स्कूल वट वृक्ष बन चुका है। उन्होंने बताया कि इस समय स्कूल में 600 से ज्यादा बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर बड़ी उपलब्धियां हासिल कर रहा है। शिक्षा के साथ यहां खेलूकूद व दूसरी स्पर्धाओं में भी बच्चे अपनी प्रतिभा का हुनर दिखा रहे हैं। प्रिंसिपल विजयलक्ष्मी भगत ने स्कूल की उपलब्धियों से जुड़ी रिपोर्ट पढ़ी। उन्होंने बताया कि यहां पढ़ने वाले हर छात्र के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया जा रहा है। शिक्षा के साथ हर बच्चे को हर क्षेत्र में मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यहां शुरूआती शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्र भवष्यि में बड़ी उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। इसके बाद छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रमों से पूरी माहौल की रंगत बदल दी। लगभग 250 बच्चों ने रंगारंग स्पर्धाओं में अपनी कला का प्रदर्शन किया। नन्हे मुन्ने बच्चों की देश भक्ति की आइटम और हरियाणवी डांस , पंजाबी भंगड़ा बॉलीवुड सांग एवं फैशन शो बहुत ही आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया। इसी वजह से यहां मौजूद लोग ये नजारा देखकर तालियां बजाने पर मजबूर हो गए। विधायक असीम गोयल यहां शानदार प्रतिभा दिखाने वाले छात्रों की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि शिक्षा के मामले में जैन समाज अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि अंबाला शहर में कई जैन शक्षिण संस्थानों में जरुरतमंद बच्चे शक्षिति होकर जीवन की बुलंदियों को हासिल कर रहे हैं।

### विज के आदेश पर दो के खिलाफ शिकायत दर्ज


**अंबाला।** छावनी की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के रहने वाले दो आरोपियों पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। यहां रहने वाले कुछ लोगों ने गृहमंत्री अनिल विज को शिकायत देकर आरोपियों पर नशा तस्करी में संलप्ति होने के साथ ही गैर कानूनी गतिविधियों को अंजाम देने व गाली गलौज करने के बाद मारपीट करने के भी आरोप लगाए हैं। परिवादियों का आरोप है कि आरोपियों के साथ महिला भी है जोकि नशा तस्करी में सलप्ति है। अब पुलिस आरोपियों के खिलाफ जांच कर रही है। विज को सौंपी शिकायत में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के रहने वालेभारत शर्मा, पुनीत कुमार, नरेश कुमार व प्रदीप कुमार ने बताया कि यहीं के पवन कुमार और अनुराग दोनों आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं। पवन, अनुराग और कच्चा बाजार निवासी रजनी आपस में मिलकर नशीले पदार्थ बेचने का धंधा करते है।

- लोगों का आरोप महिला के साथ मिलकर करते हैं नशा तस्करी, अब पुलिस ने शुरू की कार्रवाई

## कानून का उल्लंघन करने पर एक माह की जेल

# अब उपायुक्त ऑफिस और कोर्ट में नहीं कर सकेंगे धरना-प्रदर्शन

भारतीय दंड संहिता की धारा-188 के अनुसार किसी भी पब्लिक सर्वेंट द्वारा जारी किए गए ऑर्डर को न मानने वालों के खिलाफ सजा का प्रावधान




डीसी की ओर से जारी किया गया फरमान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

प्रशासन ने नए फरमान पर बवाल हो गया। डीसी की ओर से जारी एक नोटिस में अब डीसी ऑफिस और कचहरी कंपाउंड पर धरना प्रदर्शन करने पर रोक लगाने के आदेश जारी किए गए हैं। आदेश तोड़ने वालों के खिलाफ डीसी ने धारा-188 के तहत कार्रवाई अमल में लाने की बात कही है। डीसी के आदेशानुसार ऑफिस के मुख्य द्वार पर यह नोटिस चस्पाया गयया है। अब प्रशासन के इस आदेश पर कई संगठनों ने कड़ी आपत्ति जताई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन का कहना है कि यह प्रशासन का तुगलकी फरमान है। हर नागरिक को 'राइट टू फ्रीडम' यानी धरना-प्रदर्शन करना संवैधानिक अधिकार है। विचारों की अभव्यिक्ति के तहत देश के हर नागरिक को यह अधिकार मिला है। इसके तहत कोई भी शख्स कानून के दायरे में धरना, प्रदर्शन या फिर भाषण आदि दे सकता है। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद-19 के तहत हर नागरिक को विचार और अभव्यिक्ति का अधिकार मिला हुआ है। अगर प्रशासन के आगे ही अपनी समस्याओं को नहीं उठाएंगे तो लोग कहां जाएंगे? बता दें कि डीसी दफ्तर के बाहर एक नोटिस लगाया गया है, जिसमें लिखा गया है कि उपायुक्त कार्यालय, कचहरी कंपाउंड में किसी भी प्रकार का धरना प्रदर्शन करना अवैध है। उक्त सूचना के बावजूद भी यदि किसी भी प्रकार का कोई धरना प्रदर्शन इस स्थल पर किया जाता है तो आयोजक के खिलाफ धारा-188 के तहत केस दर्ज की जाएगा।भारतीय दंड संहिता की धारा-188 के अनुसार किसी भी पब्लिक सर्वेंट द्वारा जारी किए गए ऑर्डर को न मानने वालों के खिलाफ सजा का प्रावधान है। इस कानून का उल्लंघन करने या कानून व्यवस्था को तोड़ने पर दोषी को कम से कम एक महीने की जेल या 200 रुपए जुर्माना या फिर दोनों की सजा हो सकती है।

#### जगह निर्धारित नहीं

डीसी की ओर से जारी किए गए फरमान में अभी तक धरना प्रदर्शन करने वालों के लिए कोई जगह नर्धिारित नहीं की गई है। इससे पहले भी प्रशासन की ओर से ऐसे फरमान निकाले गए थे। हालांकि विरोध के बाद फरमान बाद में वापिस ले लिए गए। हालांकि तब जारी किए गए फरमान में धरने प्रदर्शनों क लिए डीसी की ओर से जगह नर्धिारित की गई थी। मगर अभी तक प्रशासन की ओर से ऐसी किसी जगह का नर्धिारण नहीं किया गया है।

#### कई संगठनों ने भी विरोध जताया

*भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह के प्रदेशाध्यक्ष अमरजीत मोहड़ी समेत कई संगठनों के पदाधिकारियों ने डीसी के इस फरमान पर कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि पहले कभी ऐसे फरमान जारी नहीं हुए। उन्होंने कहा कि अगर उनकी मांगों पर विचार नहीं होगा तो फिर वे अपने बात रखने के लिए कहां जाएंगे। उन्होंने कहा कि भाकियू ऐसे फरमानों का हमेशा विरोध करती रहेगी। उन्होंने साफ कहा कि कानून के दायरे में हर व्यक्ति को अपनी बात रखने का अधिकार है। ऐसे में वे किसी फरमान पर गौर नहीं करेंगे। जरुरत पड़ने पर डीसी ऑफिस के बाहर अपनी बात रखने के लिए धरना भी देंगे।*

# छेड़छाड़ करने का आरोपित मारने की धमकी देकर फरार

- पुलिस ने किशोरी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

किशोरी से छेड़छाड़ करने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। आरोपी किशोरी को जान से मारने की धमकी देने फरार हो गया है। आरोप है कि ट्यूशन जाते वक्त आरोपी किशोरी का हाथ पकड़ साथ चलने की बात बोलता था। छात्रा ने मां को आपबीती बताई। जब उसकी मां ने मौके पर पहुंच इसका विरोध किया तो आरोपी देख लेने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अंबाला शहर की रहने वाली किशोरी ने बताया कि वह ओपन बोर्ड से 10वीं क्लास के पेपर की तैयारी कर रही है। वह 15 दिन से ट्यूशन सेंटर पर पढ़ाई करने के लिए जा रही है। पिछले कई दिनों से एक व्यक्ति रोजाना पुली के पास बनी दुकानों के पास खड़ा होकर कमेंट करता था। किशोरी का आरोप है कि आरोपी ने उसे कहा कि मेरे साथ चलेगी या नहीं ? यही नहीं आरोपी ने उसे चाकू तक दिखाया। वह पिछले 10 दिन से बीमार चल रही थी। जिसकी वजह से वह कभी-कभी ट्यूशन पढ़ने जाती थी। उसने छेड़छाड़ की यह बात अपनी मां को बताई। बीते रोज दोपहर ढाई बजे ट्यूशन पढ़ने जा रही थी तो आरोपी वहीं खड़ा था। आरोपी के साथ एक्टिवा पर एक लड़का और था। उसकी मां पीछे-पीछे आ रही थी। उसने आरोपी से पूछा कि आप क्यों परेशान करते तो। आरोपी ने उसका हाथ पकड़ लिया। जब उसकी मां ने आरोपी का विरोध किया तो उसने धमकी दी कि तुम्हें तो में देख लूंगा। उसके बाद आरोपी फरार हो गया। उन्होंने डायल-112 पर कॉल करके इसकी सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी घर से भी फरार मिला। अंबाला शहर कोतवाली थाना प्रभारी मुनीष शर्मा ने बताया कि पुलिस को एक महिला ने अपनी 16 साल की बेटी से व्यक्ति द्वारा छेड़छाड़ की शिकायत सौंपी है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपी को काबू कर लिया जाएगा।

# डीईओ ने किया औचक निरीक्षण

## राजकीय प्राथमिक स्कूल में चल रही मेगा मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

गांव नाहरा- देहरा में स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला का मंगलवार को जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने निपुण हरियाणा के अंतर्गत कक्षा दूसरी व तीसरी में प्रांतीय स्तर पर चल रही /"मेगा-मॉनिटरिंग/" के तहत औचक निरीक्षण किया । बीआरपी वीरेंद्र सिंह द्वारा मेगा-मॉनिटरिंग के लिए कक्षा दूसरी व तीसरी का मॉक आंकलन लिया जा रहा था ' इसके अतिरिक्त राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक वद्यिालय, नाहरा-देहरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा में ऑनलाइन बैंकिंग, शिक्षा विभागीय से जुड़ी स्कीमों पर बनाए गए विभन्नि चार्ट,मॉडलों सहित लगाई गई प्रदर्शनी का भी निरीक्षण किया ' निपुण हरियाणा के अंतर्गत विभन्नि जांच-पड़ताल की गई ' शक्षिक द्वारा पहले चार



**बराड़ा।** शिक्षा अधिकारी गतिविधियों का निरीक्षण करते। फोटो :हरिभूमि

- निपुण हरियाणा के तहत कमजोर छात्रों को शिक्षा में अग्रणी बनाने के लिए तैयार हो रही है योजना

दिन शक्षिण कार्य करवाने उपरांत 6वें दिन सीखने में कमजोर वद्यिार्थी हेतु शक्षिण योजना तैयार करवा पढ़ाई करवाई जा रही है ' स्व नर्मिति शक्षिण सामग्री बनाकर गतिविधि आधारित कार्य पर बल दिया जा रहा था।

इस दौरान स्टेक होल्डर्स द्वारा प्रक्रिया को भी गुणात्मकता आधार पर जांचा व पूर्ण पारदर्शिता अनुसार कार्य चलता हुआ पाया गया ' निपुण हरियाणा के उद्देश्यों के आधार पर कक्षा - कक्ष में शक्षिण अधिगम प्रकिया पर सांझी समझ विकसित को लेकर शक्षिक-संदर्शिका व अभ्यास-पुस्तिका पर सुचारू रूप से कार्य चल रहा था ' आगामी महीने में होने वाले सावधिक आंकलन -'' एवम उसकी रणनीति पर चर्चा की व बच्चों के आकलन परिणाम को बेहतर बनाने के लेकर योजना पर सर्व शक्षिकों सहित विचार-विमर्श भी किया ताकि सकारात्मक परिणाम प्राप्त किए जा सके । शिक्षा अधिकारी ने प्रतिदिन के कार्य को बच्चों के व्हाट्सएप ग्रुप में सांझा करना और समयानुसार अभिभावकों की मीटिंग का आयोजन करना इत्यादि पर विशेष ध्यान देने के नर्दिेश दिए।

# स्लम बस्तियों के साथ मिलेंगे अब अवैध कॉलोनियों में बिजली कनेक्शन

- बिजली निगम की साइट पर आवेदन के साथ शपथपत्र करना होगा अपलोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम की ओर से अब स्लम बस्तियों के साथ अवैध कॉलोनियों में रहने वाले परिवारों को भी बिजली कनेक्शन मिलेंगे। निम के कार्यकारी अभियंता संजीव सिवाच ने बताया कि निगम द्वारा अब स्लम बस्तियां और अवैध कॉलोनी में रहने वाले लोगों को भी अब आसानी से बिजली कनेक्शन मिल जाएगा। पहले यह बिजली निगम की कड़ी शर्तों की वजह से नहीं मिल पाता थे। अब नई नीति के अनुसार ऑनलाइन आवेदन कर कोई भी बिजली का कनेक्शन ले सकता है। इससे एक तरफ जहां निगम का राजस्व बढ़ेगा वहीं गरीबों का घर भी रोशन होगा । अभी तक स्लम बस्तियों और अवैध कॉलोनी कनेक्शन नहीं मिलने पर या तो दूसरे विकल्पों का सहारा लेते थे या फिर बिजली चोरी करते थे। अब कनेक्शन लेने के लिए उपभोक्ता को ऑनलाइन आवेदन उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम की वेबसाइट पर करना होगा। ऑनलाइन फॉर्म भरने पर उपभोक्ता को एफिडेविट और क्षतिपूर्ति बांड भी ऑनलाइन जमा करना होगा। ऑनलाइन आवेदन करने के लिए कुछ दिनों के बाद ही उपभोक्ता को बिजली का कनेक्शन मिल जाएगा। अब उपभोक्ता बिजली के बिल से मकान के मालिकाना हक का दवा नहीं कर सकता न ही यह बिल किसी भी दस्तावेज के लिए मान्य होगा। स्लम बस्तियों और अवैध कॉलोनी में मीटर का कनेक्शन न मिल पाने की वजह से बिजली की चोरी की घटनाएं काफी ज्यादा सामने आ रही थी। कनेक्शन मिलने से लोगों को न सर्फि बिजली मिल सकेगी बल्कि बिजली चोरी की होने की घटना भी रुकेगी।

### ससुर के मकान से बहु सामान चोरी कर फरार

**अंबाला।** ससुर ने बहू के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है। व्यक्ति ने मुताबिक उसका बड़ा बेटा पिछले एक साल से किराए के मकान में अलग रह रहा है। उनका उससे कोई लेना-देना नहीं है। जब वे अपने घर नहीं थे तो पीछे से उसके बेटे की बहू कैश, सोने के जेवर समेत अन्य कीमती सामान चोरी करके ले गई।वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है। पुलिस ने ससुर की शिकायत पर बहू के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अंबाला शहर के दुर्गा नगर के गोविंद लाल ने बताया कि वह मनियारी का काम करता है। उसके पास 2 बेटे हैं। बड़ा बेटा शादीशुदा है, छोटा बेटा कुंवारा है। उसका बड़ा बेटा पिछले एक साल से अपने परिवार सहित दुर्गा नगर में अलग किराए के मकान में रह रहा है।पिता ने बताया कि अलग होते हुए उसका बेटा सारा सामान ले गया था। उनका उससे कोई लेना देना नहीं।

**समस्या** स्वास्थ्य मंत्री ने विधानसभा में विधायक वरुण चौधरी के सवाल पर दिया जवाब

# राज्य के सरकारी अस्पतालों में प्लेटलेट्स चढ़ाने की 11 मशीनें

18 अतिरिक्त प्लेटलेट्स मशीनें उपलब्ध कराने का प्रस्ताव अभी विचाराधीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

राज्य के सरकारी अस्पतालों में केवल 11 एफेरसिस यानि प्लेटलेट्स चढ़ाने वाली मशीनें ही उपलब्ध हैं। इनमें 4 एफेरसिस मशीनें जिला नागरिक अस्पतालों में ,6 सरकारी/सरकारी सहायता प्राप्त मेडिकल कॉलेजों में तथा 1 रेडक्रॉस ब्लड सेंटर में मौजूद हैं। राज्य सरकार की ओर से 18 अतिरिक्त एफेरसिस मशीनों को उपलब्ध कराने का प्रस्ताव अभी विचाराधीन है। विधानसभा में मंगलवार को स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने इसकी जानकारी दी। मुलाना विधायक वरुण चौधरी द्वारा इसकी जानकारी मांगी गई थी। विधायक ने विधानसभा में सवाल लगाकर राज्य के सरकारी अस्पतालों में कार्यरत



#### मशीनों को उपलब्ध करवाना चाहिए



प्लेटलेट्स मशीनें न होने पर प्लेटलेट्स न चढ़ पाने के कारण बहुत से लोगों की मृत्यु हुई है। विधायक ने कहा कि लोगों में बुखार के कारण एकदम से प्लेटलेट्स की कमी हो रही है और प्लेटलेट्स चढ़ाने की मशीन अस्पतालों में उपलब्ध न होने के कारण पीड़ति को सही इलाज़ नहीं मिल रहा है। सरकार को इस गंभीर समस्या की तरफ ध्यान देकर प्लेटलेट्स मशीनों को जिला अस्पतालों के साथ -साथ प्रदेश की हर सीएचसी में भी जल्द इन मशीनों को उपलब्ध करवाने का काम करना चाहिए।

एकेरसिस मशीनों (प्लेटलेट्स मशीन) की जिलेवार संख्या तथा राज्य में हाल ही में प्लेटलेट्स की कमी के कारण हुई मौतों के मध्यनजर मशीनों की संख्या बढ़ाने के विचाराधीन प्रस्ताव को लेकर जवाब मांगा था। विधायक ने कहा कि मंत्री द्वारा दी गई जानकारी से पता चलता है कि प्रदेश में प्लेटलेट्स चढ़ाने की मशीनों की बहुत ज्यादा कमी है। प्रदेश के कई जिलों में तो ये मशीन है ही नहीं जिसमें खुद स्वास्थ्य मंत्री का जिला भी शामिल है।

# ग्रामीण आंचल की महिलाओं ने खेल प्रतिभा का लोहा मनवाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

राजीव गांधी खेल स्टेडियम सेक्टर 10 में ग्रामीण महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें ग्रामीण आंचल की महिलाओं ने अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाया। महिला एंव बाल विकास परियोजना अधिकारी सुमन बाला ने बताया कि प्रतियोगिता में 18 से 30 वर्ष की बालिकाओं व 30 से 45 वर्ष की महिलाओं द्वारा बढ़-चढ़ कर भाग लिया गया। इसमें विभन्नि प्रकार के खेल जैसे चाटी रेस, 100 मीटर रेस, आलू रेस, साइकिल रेस, 400 मीटर रेस, 200 मीटर रेस की स्पर्धाएं हुई। इस प्रतियोगिता में महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी सुमन बाला द्वारा सुपरवाइजर अनिता, रमा रानी, कोच व हेल्थ विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया।